दिनांक 08.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के सभी सफाई व्यवस्था से जुड़े समस्त स्वच्छता निरीक्षकों, सुपर वाईजरों, ने तीनों पालियों में सफाई कार्य को प्रमुखता से अपने सफाई कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता ऐप अपने मोबाईल पर डाउनलोड करने के लिए आम नागरिकों को पूर्ण जानकारी देते हुए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

निगम भिलाई के आयुक्त श्री चौहान ने स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान में जिन लोगों के भी द्वारा सड़क, नाली पर कचरा फेंका या डाला जा रहा है। उसने नियमानुसार जुर्माना वसुल करते हुए रसीद देवें। घर से निकलने वाले कचरा लेते समय देखें कि कचरा अलग–अलग है या नहीं। कचरे देने वाले को समझाएं कि सुखे एवं गीले कचरे अलग–अलग डस्टबीन में ही रखें तथा आम लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझा कर साफ–सफाई बनाये रखने के संदेश देवें।

निगम आयुक्त ने सफाई कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने–अपने क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करते रहना और डोर टु डोर कचरा कलेक्शन का कार्य करना एवं लोगों को समझाएं कि घर से निकलेने वाले गीला कचरा को अलग–अलग ही डस्टबीन में रखकर सफाई मित्र को देवें।

निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01,02,03,04,05 एवं 06 के विभिन्न वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, तथा रात्रि में भी सफाई की जा रही है सफाई कार्य के अतंर्गत आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित अन्य वार्ड में जे.सी.बी. एवं डम्पर के माध्यम से कचरा उठाया गया तथा नाली, सड़क सार्वजनिक शौचालय, की सफाई की गई।

जोन 01 वार्ड 03 कोसानगर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् प्राथमिक शाला कोसानगर में स्कुल के बच्चों को स्वच्छता के बारे में समझाया गया तथा गीले एवं सुखे कचरे को अलग–अलग डस्टबीन में ही रखने के लिए जागरुक किया गया।

जोन 02 नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता ऐप से प्राप्त 27 शिकायतें दर्ज कर समय सीमा में निराकरण किया गया है। जोन 02 शान्तिनगर के ज्ञानदीप स्कुल में स्कुल स्टाफ एवं बच्चों को स्वच्छता ऐप अपने मोबाईल पर डाउनलोड करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। तथा वार्ड 10 के सड़क नम्बर 01 में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी घर–घर जाकर नागरिकों से भेंटकर स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई यह कार्य प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में चलाया जायेगा।

चलाये जा रहे अभियान की जानकारी जोन आयुक्त एवं स्वच्छता निरीक्षकों ने निगम आयुक्त के0एल0 चौहान को दी।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई